तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

समाधान शिविरों का कलेक्टर ने किया... 10



हाटकोंगेरा स्कूल के विज्ञान मेले में व्यंजनों... 10





## अंतरिम बजट : पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने की हरिभूमि से बातचीत

# केंद्रीय बजट : विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देने की पहल

### 1 करोड़ करदाताओं को 10 वर्षों से लंबित 10 हजार तक के टैक्स में माफी ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

परंपरा के मुताबिक अंतरिम बजट में बड़े ऐलान या एलोकेशन नहीं किए गए, लेकिन चुनाव को देखते हुए सरकार ने विजन और रोडमैप तैयार कर दिया। अंतरिम बजट में इनकम टैक्स पर कोई बदलाव नहीं किया गया। केंद्रीय बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है। बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहे है। 1 करोड़ करदाताओं को उनके 10 वर्षो से लंबित 10 हजार तक के टैक्स से माफी एक ऐतिहासिक कदम है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने हरिभूमि से बात करते हुए कही।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने कहा कि नई तकनीकों से कारोबार को मदद मिल रही है। लालबहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। अटल बिहारी बाजपेयी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे और विस्तार देते हुए जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा दिया है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह स्वर्णिम दौर है। एक लाख करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त या कम ब्याज दर पर कोष वितरित किया जाएगा। इससे दीर्घकालिक वित्तीय मदद दी जाएगी, इससे निजी क्षेत्र को मदद मिलेगी। देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है, अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा और विकसित भारत के सपने के साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा केंद्र ने हमेशा राज्यो को बड़ी मदद दी है। इस बार भी बजट में राज्यो के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है, जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा। भारत देश ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक झंडा गाड़ दिया है। मोदी सरकार ऐसे कई और रिकॉर्ड बनाने के लिए संकल्पित है, इसीलिए रिसर्च के कार्य के लिए भी 1 लाख करोड़ का प्रावधान स्वागत योग्य है। एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली दिए जाने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी वही ग्रामीण इलाको में 2 करोड़ नए घर बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी एक बड़ी तेजी दिखने के साथ गरीबों को अपनी छत मिलने से उनके जीवन का बड़ा सपना साकार होगा।

**खास बातें**

- पीएम मोदी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा दिया
- स्वयं सहायता समूह की एक करोड़ और बहनें लखपति दीदी बनेंगी
- देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाने से 11 लाख करोड़ होगा




**स्वास्थ्य के ढांचे में आएगा सुधार**



भाजपा के जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे का ही इस्तेमाल करते हुए मेडिकल कॉलेज बढाए जाएंगे। हमारी सरकार 9 से 14 साल की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। मातृत्व और बाल विकास के लिए एक समग्र योजना बनाई जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। पोषण 2.0 के अमल में तेजी लाई जाएगी। टीकाकरण को मजबूत किया जाएगा। आयुष्मान भारत के तहत सभी मितानित और आंगनबाड़ीकर्मियों को इसके दायरे में लाया जाएगा।

**तीन करोड़ का मिला लक्ष्य**



विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि देश का ये बजट राष्ट्र की प्रगति में बेहद की योगदान भरा होगा। नौ करोड़ महिलाओं से जुड़े 83 लाख स्वयं सहायता समूह अहम योगदान रखते है, उनकी कमायाबी से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में मदद मिली है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा है। इस बजट ने तय किया है कि लखपति दीदी के लिए लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि अब हमारी एक करोड़ और बहने लखपति दीदी बनेगी और अपने जीवन को स्वाभिमान और गर्व के साथ जीकर देश की तरक्की में अपना योगदान देंगी।

**खबर संक्षेप**

### सिवनी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा सिवनी में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के तहत पहली, दूसरी और आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों की माता की उपस्थिति में अंगना म शिक्षा का मुख्य उद्देश्य, माताओं को शिक्षा से जोड़ना व घर के आंगन से ही बच्चों को शिक्षा देना के बारे में बताया गया। बाल्यावस्था के समय बच्चों की सीखने की क्षमता अधिक होती है। इसलिए अगर इसकी शुरुआत घर से ही शुरू हो तो शिक्षा की गुणवत्ता युक्त बन सकता है, क्योंकि भाषा, गणित में बच्चे बाल्यावस्था में जल्दी सीख पाते हैं तथा माताओं के द्वारा पहली, दूसरी तथा आंगनबाड़ी के बच्चों को गणित और भाषा के बारे में पूछा गया। कार्यक्रम में उषा उसेण्डी, सुनीता मतलामी, सुमित्रा मंडावी, धन्नो बाई मंडावी, रुपोतिन बाई, लक्ष्मी मंडावी, चैतीबाई मंडावी, पुष्पलता विश्वकर्मा, तथा संस्था की प्रधान पाठक राम सुरोजिया एवं अतिथि शिक्षक विजय कुमार मतलामी उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय डे नाइट वॉलीबॉल स्पर्धा आज से

**कांकेर।** ग्राम पंचायत अभनपुर के आश्रित ग्राम पेंड्रावन में सिक्स स्टार क्लब पेंड्रावन के द्वारा एवं ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय डे नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 02 से 04 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन में पूरे बस्तर संभाग से लगभग 20 टीमें भाग लेंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार 21000 रूपए एवं द्वितीय पुरस्कार 11000 रूपए एवं कई आकर्षक पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पंचायत अभनपुर के सरपंच भाऊराम भास्कर के आतिथ्य में एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, विशिष्ट अतिथि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा समापन किया जाएगा।

### महुआ शराब जब्त ग्रामीण पकड़ाया

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम डोण्डे निवासी दीपक जैन पिता देवनाथ के कब्जे से पुलिस ने 31 जनवरी को शाम करीबन 6 बजें साढ़े 9 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 1 हजार 140 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### घायल की मौत के बाद चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सुरही के पास 27 दिसंबर को दोपहर ढाई बजें सड़क दुर्घटना में एक की ▶▶|शेष पेज 10 पर

## 22 लीटर महुआ शराब बरामद, तीन कोचियों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्रामीण इलाकों पर देशी शराब का चलन ज्यादा है और गाँव गाँव शराब बनाकर बेची जाती है। शराब बनाकर बेचने वाले कोचियों पर पुलिस लगातार सख्ती बरतते हुए कार्यवाही कर रही है। जिले के तीन थानों की टीम ने तीन कोचियों से 22 लीटर देशी शराब जप्त किया है।

जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम मर्रामपानी पक्की रोड के किनारे सगौन पेड़ के पास अवैध महुआ शराब को बेचने के लिए ग्राहक का तालाश कर रहे आरोपी मर्रामपानी निवासी 26 वर्षीय राकेश नुरेटी पिता आशाराम को 31 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजें पकड़ा। आरोपी के कब्जे से कुल 7 लीटर महुआ शराब कीमती 840 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वही मर्रामपानी निवासी 38 वर्षीय मनोज कल्लो पिता संतूराम के कब्जे से 31 जनवरी को सुबह पौने 11 बजें रोड किनारे तेंदू पेड़ के पास अपने कब्जे में 8 लीटर हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब को रखकर उसे बेचने के लिए ग्राहक तालाश कर रहा था, जिसे पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जिसकी कुल कीमत 960 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कच्चे चौकी पुलिस ने 31 जनवरी को दोपहर करीबन साढ़े 3 बजें आरोपी मुंगवाल निवासी 28 वर्षीय विरेंद्र कुमार तेता के घर दबिस देते हुए, उसके कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी द्वारा घर में अवैध महुआ शराब को रखा गया है व बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने मामले की तस्दीक कर रेड कार्यवाही किया और आरोपी के दबिस देते हुए घर में छूपाकर रखे 20 लीटर वाली जरकीन में लगभग 7 लीटर महुआ शराब व नगद 295 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नशे में पड़ोसी डाक्टर से विवाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सलिहापारा में डॉक्टर के घर ताकाझाकी करने पर हुआ विवाद




भानुप्रतापपुर थानंतर्गत सलिहापारा में डॉक्टर के घर ताकाझाकी करने व परिवार वालो के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे सलिहापारा भानुप्रतापपुर निवासी संजय कुमार मिश्रा पिता हरिशंकर ने पुलिस को बताया ग्राम हाटकोंदल पीएचसी में आयुर्वेदिक डॉक्टर हूँ और 31 जनवरी की रात 10 से 12 बजें के बीच आरोपी मेरे पड़ोसी भुवनेश्वर पटनायक जो भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में लेखापाल है, जिसके द्वारा शराब के नशे में मेरे व मेरी पत्नी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। वह मेरे शासकीय आवास में नशे में ताकझाक करते हुए हुडदंग मचाता है, जिससे मुझे एवं मेरे परिवार को अत्यधिक शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ता है। जनपद पंचायत का लेखापाल के द्वारा शराब के नशे में अक्सर ऐसा ▶▶|शेष पेज 10 पर

## शराब पीने से मना करने पर पत्नी की हत्या, आरोपी पति जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने पर आवेश में आकर आरोपी पति ने पत्नी पर डंडा से हमला कर दिया, जिससे उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार हेटारकसा निवासी 32 वर्षीय रमेश मंडावी पिता मेहर सिंह ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 31 जनवरी को दोपहर 12 बजें मेरा बड़ा भाई राम सिंह मंडावी ने फोन करके बताया कि बहन रमुला बाई जो ग्राम धनेली में शादी होकर गई है, उसकी हत्या हो गई है। ग्रामधनेली बहन के ससुराल में गया तो रमुला के घर के सामने ग्राम धनेली के महिला व पुरूष की भीड़ जुटी हुई थी। इसके अलावा गांव के सरपंच और पटेल भी थे। घर अंदर गया तो कमरे में ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बाइक की ठोकर से बुजुर्ग महिला घायल, अस्पताल ले जाते मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




अंतागढ़ थानांतर्गत पोड़गांव में पैदल चल रही बुजुर्ग महिला को पीछे से बाईक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पोड़गांव निवासी 65 वर्षीय हिरोबाई देहारी पति श्रीराम देहारी घायल हो गई, जिसे ईलाज के लिए हायर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच किया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

अंतागढ़ पुलिस के विवेचना अधिकारी ने विवेचना में पाया कि मृतिका पैदल रास्ते में चल रही थी। मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 7611 के चालक चिचमर्रा निवासी लिलेश्वर मरकाम ने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पैदल जा रही बुजुर्ग महिला को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे बुजुर्ग महिला हिरोबाई देहारी रोड किनारे गिरकर बेहोश हो गई थी। ईलाज के ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सजगता और गंभीरता से मरीजों का करें उपचार, कलेक्टर ने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से रुबरु होने कलेक्टर अभिजीत सिंह 1 फरवरी को नरहरपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरपुर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सी ए च सी नरहरपुर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने परिसर में स्थित एनआरसी, औषधि भंडार कक्ष, प्रयोगशाला, एक्सरे कक्ष, ओपीडी, आईपीडी, आइसोलेशन वार्ड, ड्रेसिंग कक्ष आदि में जाकर सघन निरीक्षण किया तथा जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने बीएमओ को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थिति पंजी, भंडार पंजी सीजीएमएससी से दवाओं की आपूर्ति आदि पंजियों का बारीकी से परीक्षण किया तथा बीएमओ को अपेक्षित सुधार करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान कैम्पस में अनुपयोगी पानी को उपयोगी बनाने वाले ईटीपी प्लांट का भी मुआयना किया। साथ ही बंद स्थिति में पड़े जनरेटर को तत्काल सुधारने के भी निर्देश दिए। 10 बिस्तर की क्षमता वाले पोषण पुनर्वास केंद्र में 08 शिशु पाए गए। इस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत बेड को ऑक्यूपाई करने के निर्देश बीएमओ को दिए।

**108 का टायर पंक्चर होने पर जताई नाराजगी-** अस्पताल परिसर में संजीवनी एक्सप्रेस 108 का टायर पंक्चर होकर खड़े हुए देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश बीएमओ को दिए। उन्होंने कहा कि ▶▶|शेष पेज 10 पर



**मरीजों से कलेक्टर ने पूछा हालचाल**

कलेक्टर ने अंतः रोगी कक्ष में जाकर उनका हालचाल जाना और वहां चल रहे उपचार के बारे में स्टाफ नर्स से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम डुमरपानी से आए मरीज संजय कुमार कुमेटी से बातचीत कर कलेक्टर ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जाने की सलाह दी। इसी तरह भर्ती हुए धमतरी जिले के ग्राम भिड़ावर से आए मरीज मिलऊराम साहू और ग्राम सियारीनाला से आए राहुल शोरी से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली, इसके साथ ही केंद्र में मिलने वाले भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता के बारे में भी पूछा, जिस पर उन्होंने संतोषजनक और पर्याप्त मात्रा में भोजन मिलने की बात कही।

## राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा की हरिभूमि से वार्ता

# आरआई व पटवारियों के अधिकार होंगे पूर्ववत, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिला, राजस्व और तहसील स्तर पर जल्द लगाए जाएंगे शिविर

कांग्रेस सरकार ने राजस्व निरीक्षक व पटवारी के अधिकार को छीनकर अनुविभागीय अधिकारियों को दे दिया था, यह अधिकार वापिस किए जाएंगे। इसके अलावा आरआई, तहसील और जिला स्तर पर राजस्व शिविर लगाकर ग्रामीणों व शहरवासियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उक्त बातें कांकेर पहली बार पहुँचे राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहीं। राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, विवादित मामले से आमजनता बहुत परेशान है, इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नया फारमेट तैयार किया जा रहा है, जो आनलाईन होगा। प्रत्येक कार्य के लिए समय का निर्धारण किया जाएगा। निर्धारित समय पर काम करके आनलाईन रिपोर्ट भी संबंधित अधिकारी को देना होगा। निर्धारित समय पर काम नहीं होने के कारण को बताना होगा और काम कब तक हो जाएगा, इसके बारे में भी रिपोर्ट भरना होगा। इस व्यवस्था के लाने से आमजन जो राजस्व कार्य के लिए कई माह चक्कर लगाते है, उससे उनको सीधी राहत मिल जाएगी। इसके अलावा कांग्रेस सरकार ने धारा 115 लगातार पूरे अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को हस्तांरित कर दिया था, इसके चलते जो कार्य राजस्व निरीक्षक व पटवारी पहले कर लेते थे, वो नहीं कर पाते थे। इस धारा को खत्म करके पुराने सिस्टम की तरह अधिकार को वापिस किया जाएगा।



**राजस्व शिविर भी लगाए जाएंगे**

राजस्व व आपदा मंत्री ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि किसानों व ग्रामीणों की राजस्व को लेकर बहुत समस्या है, इसके निराकरण के लिए प्रदेश में एक दिन सबसे पहले राजस्व निरीक्षक के स्तर पर शिविर लगेगा, उसके बाद तहसील व जिला स्तर पर शिविर लगाया जाएगा। उन्होने बताया कि 3 फरवरी को राजस्व निरीक्षक मंडल में, 10 फरवरी को सभी तहसील में और 17 फरवरी को जिला स्तर में शिविर लगाया जाएगा और हर हाल में समस्याओं का निराकरण करना होगा।

**पटवारी व राजस्व निरीक्षक हटाए जाएंगे**

राजस्व व आपदा मंत्री ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि एक ही स्थान में लंबे समय से जमें और जिनकी लगातार शिकायतें आ रही है, ऐसे पटवारी व राजस्व निरीक्षक को स्थांतरित किया जाएगा। शिकायत आने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### हल्बापारा शाला में मातृ पालक सम्मेलन हुआ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला हल्बापारा मिचेसुखई में शाला प्रबंधन एवं मातृ-पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर के निर्देशानुसार बुधवार को आयोजित मातृ-सम्मेलन के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संतोबाई दुग्गा रही एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखई सरपंच सुमित्रा दुग्गा ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप सभी माता-पिता की जागरूकता और विशेष सहयोग से ही स्कूल में व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का जिम्मा सिर्फ शिक्षक का ही नहीं, अपितु हर माता-पिता की जिम्मेदारी है, अतः सभी माताएं,पालकगण व शिक्षक मिलकर बच्चों का भविष्य गढ़ें।

### शिव महापुराण पर 7 दिनी प्रवचन चारामा में जारी

**चारामा।** सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 1 फरवरी से कोरर चौक स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर चारामा के पास किया जा रहा हैं, जिसमे सुबह 8 बजे 10 बजे तक प्रतिदिन वेदी पूजन किया जाएगा। कथा प्रवचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। कथा वाचक पं. विकास दत्त दुबे महाराज ने प्रथम दिवस में बताया कि भगवान शिव की पावन कथा का एक-एक क्षण अलोकिक, आनन्दमय एवं अदभुत प्रभावी है। इस गंगा मे डुबकी लगाकर बारमबार श्री शिव पार्वती कथा का श्रवण कर तन तन की शांति प्राप्त करे। इस अवसर पर नुतन महिला मण्डल चारामा द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने का अपील किया गया।

### कमिश्नर व कलेक्टर ने की लब्सना के निदेशक से भेंट

**जगदलपुर।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (लब्सना) मसूरी के निदेशक श्रीराम तरणीकांति अपने संक्षिप्त प्रवास पर आज जगदलपुर पहुंचे थे। स्थानीय एयरपोर्ट के प्रतिक्षा कक्ष में कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के. ने उनसे मुलाकात की।

**शिविर :** भनसुली, बड़ेगौरी व मरकाटोला गांवों के आयोजित किया समाधान शिविर

# समाधान शिविरों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में समाधान शिविरों का आयोजन प्रारंभ हो गया है। जिले में आयोजित शिविरों का अवलोकन व निरीक्षण करने कलेक्टर अभिजीत सिंह नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम भनसुली तथा चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी और मरकाटोला पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रत्येक विभागीय स्टॉल में जाकर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया और पात्र शत-प्रतिशत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

नरहरपुर के ग्राम भनसुली में आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह पहुंचे, जहां पर विभिन्न विभागों के मैदानी अमलों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि ये शिविर शत-प्रतिशत सैचुरेशन के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। अतः कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न होने पाए। उन्होंने सभी आश्रित ग्रामों में शिविर के आयोजन के संबंध में एक दिन पूर्व मुनादी करवाने और शिविर स्थल पर माइक के जरिए पात्र हितग्राहियों को बुलवाकर उन्हें प्रमाण-पत्र अथवा सामग्री उपकरण वितरित करने के निर्देश जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। जलजीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन के बारे में पूछे जाने पर स्थानीय सरपंच ने शत-प्रतिशत घरों में कनेक्शन लगने की बात कही। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। इस संबंध में विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि ग्राम जुनवानी में 3311 केव्ही का विद्युत सब-स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, जिसके प्रारंभ होते ही क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या दूर हो जाएगी। इसी तरह नरहरपुर में 33 केव्ही लाईनिंग की निविदा प्रक्रियाधीन है। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल के जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन के निर्माण की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को परीक्षण उपरांत प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, आदिवासी विकास सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल में जाकर शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लक्षित कर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी में जाकर ग्रामीणों और स्टॉल में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राशन कार्ड नवीनीकरण, आधार अपडेशन, जाति प्रमाण-पत्र, फौती एवं नामांतरण और जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन विस्तार तथा नल कनेक्शन के बारे में पूछा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का नाम आवास प्लस में जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस का इस्तेमाल करने की समझाइश दी, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालयों का सतत उपयोग करने की बात कही। समाधान शिविर में कलेक्टर ने योजनावार पात्र ग्रामीणों की सूची तैयार कर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तदुपरांत वे ग्राम मरकाटोला मयाना पहुंचे, जहां पर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी विभिन्न मांगों व समस्याओं के निराकरण के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया। यहां पर भी समाधान शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान पांच बच्चों याकूब, दिव्यांश, जिज्ञासा, गीतांजलि और तुविक्ष का मौके पर ही जाति प्रमाण-पत्र बनाकर उनके माता-पिता को कलेक्टर व स्थानीय सरपंच के द्वारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर चारामा एसडीएम राकेश गोलछा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र के धान को खपाने की कोशिश की जांच पारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छोटेकापसी

बांदे लैम्पस अंतगर्त रेंगावाही धान खरीदी केंद्र प्रभारी एवं लैम्पस प्रबंधक की मिलीभगत से पड़ोसी राज्य का धान खपाया जाने की बात सामने आई है। महाराष्ट्र से एमएच पासिंग पिकअप धान भरकर दिन दहाड़े केंद्र में बिना नापतौल के सीधे स्टेग में खाली हमाल करते हुए नजर आई। धान को खाली करने वाले हमाल से पूछा गया तो उनके द्वारा कहा गया कि हमें जो सहायक केंद्र प्रभारी जैसा बोलता है, हम वैसे ही करते है। यह कोई नई बात नही है, रात की भी गाड़ी धान भरकर आती है और हम हमेशा की तरह खाली करते है। हमालों से पूछा गया कि आप लोग कहा के हो तो उन्होंने बताया कि हम सब बिहार के है।

इस संबंध पर लैम्पस प्रभारी प्रबंधक बांदे अधीर दास ने बताया कि बिना नापतौल के धान खरीदी का नियम नही है। मैं जांच करवाता हूं वहीं इस संबंध पर सहकारिता विस्तार अधिकारी कोयलीबेड़ा सीएस ठाकुर ने बताया कि मैं स्वयं जाकर इसकी जांच करूंगा। सही पाए जाने से केंद्र प्रभारी पर कार्यवाही किया जाएगा।

## नवोदय विद्यालय के जागरूकता कार्यक्रम में सेहत की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर



विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत कृषि विभाग पायलेट प्रोजेक्ट आन स्कूल स्वास्थ्य हेल्थ के तहत जागरुकता कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें कृषि प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, वर्मी खाद, नाडेप खाद, जैविक कीट नाशक एवं एकीकृत कृषि प्रणाली विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

आयोजित स्वास्थ्य हेल्थ जागरुकता कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि सुधीर ददोरिया के द्वारा सतत चंदू लाल ठाकुर विषय वस्तु विशेषज्ञ के द्वारा मिट्टी परीक्षण, मिट्टी नमूना लेने की विधि, मिट्टी परीक्षण उपरांत अनुशंसित मात्रा का प्रयोग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं मिट्टी नमूना लेने की विधि पर जीवंत प्रदर्शन कर जानकारी दिया गया। प्रमोद सार्वा अनुविभागीय कृषि अधिकारी के द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माधयम से मिट्टी परीक्षण विषय की वीडियों चला कर जागरूक किया गया एवं छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का निराकरण कृषि अधिकारियों द्वारा की गई। इस दौरान जयन्ती पी गोपाल प्राचार्य नवोदय विद्यालय करप, संगीता राय डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा, मालती गोटी, ललिता मंडावी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, दिनेश कुमार कुंजाम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, रोशन निषाद खंड तकनीकी प्रबंधक, बीआर नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बासनवाही विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची धूम



हरिभूमि न्यूज.दुधावा। विकासखण्ड नरहरपुर के दुधावा के ग्राम बासनवाही शाउमा विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता सरपंच पवन नेताम, विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा मंत्री महेश जैन व विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर संजु गोपाल साहू ने मां सरस्वती के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया।

- एकल और सामूहिक नृत्य ने दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध, नाटक और प्रहसन से दिया संदेश
- शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें

आयोजित वार्षिकोत्सव में सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। वार्षिक उत्सव में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। छात्र छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य करके दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्रों ने नाटक प्रहसन के द्वारा समाज के लोगों को जागरूक किया। देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, ट्रैफिक के नियमों के सन्देश को संगीत और प्रहसन के माध्यम से बताया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में मातापिता के बाद शिक्षण संस्थानो का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देनी चाहिए, मुझे लगता है कि विद्यालय में ये सब गुण है। जिस तरह स्कूल के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ण प्रदर्शन किया ऐसे में लगता हैं कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते है। उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया शिक्षा के साथ साथ छात्रों को कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय समय पर होते रहने चाहिए। छात्रों को अपने जीवन के उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य के प्राप्ति मेहनत अति आवश्यक है। प्रदेश भाजपा मंत्री महेश जैन ने कहा कि मौजूदा दौर कड़ी स्पर्धा का है, लिहाजा लक्ष्य हासिल करने व जीवन के सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन बहुत जरूरी है। ईमानदारी व निष्ठा से जीने वालों की मेहनत कभी बेकार नही जाती उसका परिणाम सदैव सुखमयी होता है। संजु गोपाल साहू ने कहा कि विद्यार्थी अपने अध्ययन काल में कड़ी मेहनत करें, इसी से वह अपने आने वाले भविष्य को बेहतर बना सकेगें। आज विद्यालयों में संस्कारिक शिक्षा मिलने के कारण ही छात्र छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहे है। सरपंच पवन नेताम ने कहा कि यदि बच्चे शुरू से ही उच्च शिक्षा को अपना लक्ष्य बना कर चले तो सफलता उनके कदम चूमेगी, एकाग्रता के साथ कड़ी मेहनत ही बच्चों को जीवन मे सफलता दिलाती है। विधायक को जर्जर स्कूल भवन को अवलोकन कराया गया, जिसमें नवीन हायर सेकंडरी भवन की मांग पर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही भवन बनेगा। कार्यक्रम में सुकचंद नेताम जनपद सदस्य चन्द्रभान साहू, पंच कीर्ति साहू, पंच पार्वती मरकाम, हेमलता यादव, पंच प्रदीप सार्वा, अध्यक्ष पालक संघ लोकनाथ साहू, पालक संघ उपाध्यक्ष अरविंद भारती, केके गंजीर प्रचार्य, पुनितदास वैष्णव, नकुल निषाद, तुलसी नेताम, एसएस अहीर, प्रदीप कुलदीप, दयाशंकर साहू उपस्थित रहे।

## छग नर्सेस एसोसिएशन का वार्षिक कैलेंडर विमोचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



छत्तीसगढ़ प्रदेश नर्सेस एसोसिएशन ने 1 फरवरी को मुलाकाल किया और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के हाथो छत्तीसगढ़ प्रदेश नर्सेस एसोसिएशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कराया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक जो पीड़ित मानव के सेवक हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं, उनकी मांगों को पूरा करने तथा हेल्थ फेडरेशन के हड़ताल अवधि के दौरान का रुका हुआ वेतन तथा उच्च शिक्षा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र तत्काल जारी करने का आश्वाशन भी दिया।

उप मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश नर्सेस एसोसिएशन के कैलेंडर का विमोचन करते हुए हेल्थ फेडरेशन के स्वास्थ्य कर्मियों के सभी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही करवाने का वादा किया है। हड़ताल अवधि का रुका हुआ वेतन का आदेश शीघ्र ही आगामी सप्ताह में जारी करने का ठोस आश्वासन देते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सत्ता में आने के पहले ही आपके मंच पर आकर आश्वाशन दिया था, इसीलिए उसे जरूर और जल्द ही पूरा किया जाएगा। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश नर्सेस एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष सुमन शर्मा, अभय किस्पोट्टा, घनश्याम बंजारे, पुष्प मरकाम, श्वेता राजपूत, रेखा साहू, लता निषाद व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।



## हाटकोंगेरा स्कूल के विज्ञान मेले में व्यंजनों की प्रदर्शनी

**कांकेर।** शासकिय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला हाटकोंगेरा में गणित मेला का आयोजन किया गया। सबसे पहले मॉ सरस्वती के छाया चित्र का पूजा कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। गणित मेला में बच्चो के द्वारा छत्तीसगढ़ परंपराओं का व्यंजन अरशा, खुर्मी, बड़ा, चना चरपट्टी, ढोकला, ब्रेड पकोड़ा व व्यंजन बनाया गया। बच्चो ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान शकुंतला, अगेश्वरी नाग, पुनामदास, रूपा पाण्डेय, जानकी जैन, गोदावरी जैन, राजेश तेता, जागेश कुमार देवांगन, रोशन वर्मा, सत्यनारायण जैन व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

# प्रशिक्षु आईएएस अफसरों की 12 सदस्यीय टीम कलेक्टर से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



एल.बी.एस.एन.ए.ए. मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के दल आज जिले के कांकेर विकासखण्ड के ग्राम व्यासकोंगेरा में समुदाय केंद्रित विकास योजना से रूबरू हुआ। इसके तहत उन्होंने सामुदायिक भागीदारी, पंचायती राज प्रतिनिधियों तथा विभागीय अमलों के समन्वय से तैयार किए जाने वाले प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन योजना के संबंध में विस्तार से जाना।

प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने चारामा के जनपद पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह से सौजन्य भेंट की, जहां पर कलेक्टर ने जिले में चल रही प्रशासनिक गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में उन्हें संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही प्रवास के दौरान उनके अनुभव के बारे में भी पूछा। इस अवसर पर प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। ज्ञात हो कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन नामक एनजीओ की कार्यप्रणाली तथा विकास में उनके योगदान को समझने के लिए संस्था का चयन किया गया है। संस्था के प्रतिनिधि ने ग्रामों में तैयार किए जा रहे प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बहुआयामी गरीबी से मुक्ति हेतु समाज, सरकार, बाजार की प्रभावी भूमिका, गांवों में जल, जंगल, जमीन के संरक्षण हेतु ग्राम संगठन, क्लस्टर संगठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही ग्राम व्यासकोंगेरा के ग्रामीणों से भेंट कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया।

**पेज 9 के शेष ...**

### नशे में पड़ोसी डाक्टर...

किया जाता है। मना करने पर वाद-विवाद एवं लड़ई झगड़ पर उतारू हो जाता है। उसके इस कृत्य से मै एवं मेरा परिवार मानसिक रूप से अत्यंत पेरशान है तथा मुझे एवं मेरे परिवार को उक्त व्यक्ति द्वारा गलत कृत्य करने की आशंका उत्पन्न हो गई है। आरोपी द्वारा किए जा रहे कृत्य के विरूद्व पूर्व में भी पुलिस थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत किया गया था, जिस पर आरोपी को थाना में बुलवाकर समझाईश दिया गया था और भविष्य में ऐसी गल्ती नहीं करने का वादा किया था। आरोपी को पुलिस के द्वारा समझाईश दिए जाने के बाद भी फिर से उसी तरह की हरकत करने लगा। डाक्टर की शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी जनपद पंचायत के लेखापाल के खिलाफ धारा 294, 506 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने से मना...

मेरी बहन जमीन पर मृत हालत में पीठ के बल पड़ी थी, उसके बांए कनपटी, कान के पास चोट लगा था। कान से खून निकलकर रमुला के पहने हुए कपड़े खून से लथपथ थे। मैं घटना के संबंध में अपने दमाद सनऊ राम गावड़े को पूछा तो उसने बताया कि 30 जनवरी की रात 10 बजें के करीबन मुझे रमुला बाई बहुत शराब पीते हो बोलकर झगड़ा करने लगी, तब मैं घर के आंगन में पड़ा सरई झाड़ का डंडा से रमुला के बांए कनपटी एवं कान के पास मार दिया। रमुला बाई को आरोपी धनेली निवासी 32 वर्षीय सनऊ राम गावड़े पिता मुरहा राम ने शराब पीने से मना करने पर डंडा से प्राण घातक चोट पहुंचाकर हत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है और आरोपी को तत्काल अपने हिरासत में लिया। आरोपी के द्वारा हत्या करना स्वीकार करने पर उसके बताए गए स्थल से डंडा को जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### बाइक की ठोकर से...

लिए प्राईवेट अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को हायर सेंटर रिफर करने पर जिला अस्पताल कांकेर लाते ही उसकी मौत हो गई वहीं जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल महिला की मौत होने की पुष्टि किया। ुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था और आरोप सिद्व होने पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 7611 के चालक लिलेश्वर मरकाम के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सजगता और गंभीरता...

स्वास्थ्य की अत्यावश्यक और आपात सेवाएं किसी भी सूरत में बाधित नहीं होनी चाहिए। संजीवनी प्रभारी पर नाराजगी जताई।

**वैक्सिन की ली जानकारी-** कलेक्टर ने प्रसव कक्ष में ड्यूटीरत नर्स से नवजात शिशुओं की जानकारी ली और जन्म के तुरंत बाद लगने वाली वैक्सीन के बारे में पूछा। इसके पहले सीजीएमएससी से सप्लाई होने वाली दवाओं का मिलान स्टॉक पंजी से किया। इसके साथ ही फार्मेसी कक्ष, एक्सरे कक्ष, कोल्ड चेन पॉइंट सहित विभिन्न कक्षों में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभान्वित माताओं और उन्हें जारी की गई किश्त की राशि के बारे में भी पूछा।

### घायल की मौत के...

मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक नरहरपुर मेला से वापस अपने घर बरेथिन बाहरा जा रहा था। ग्राम सुरही मेन रोड के पास पहुंचा था कि अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसका मौत हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने ली बैठक



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के पदाधिकारी सहित एसडीएम, तहसीलदार की बैठक ली। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान केन्द्रों के विस्थापन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, एसडीएम जयंत नाहटा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डीएमएफ में हुए भ्रष्टाचार की हो जांच : रामबाबू

**नकुलनार।** भाजपा नेता रामबाबू गौतम ने आज अपने बयान में कहा कि जिला खनिज न्यास निधी के द्वारा खर्च की गयी राशि का हिसाब किताब जनता के सामने प्रशासन को रखना चाहिए। उन्होंने कहा पिछली सरकार पर आरोप है कि डीएमएफ की राशि का जमकर दुरूपयोग किया गया है। करोड़ों की राशि की बंदर बांट की खबरें आ रहीं थीं, क्या जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने कहा दंतेवाड़ा जिले में ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर करोड़ों का निर्माण कार्य बाहरी ठेकेदारों को देकर अग्रिम राशि के रूप में 40 प्रतिशत की राशि निकाल कर विधानसभा चुनाव के पहले ठेकेदारों को दिलाया गया। इसके एवज में तत्कालीन अधिकारियों ने ठेकेदारों से मोटा कमीशन लेकर आदिवासी सरपंचों तथा पंचायत सचिवों पर दबाव बनाकर डटकर भ्रष्टाचार किया। काम की प्रगति क्या है, कितनी राशि का आहरण हुआ है, जांच होगी तो सच्चाई सब सामने आएगी। फिलहाल पंचायतें अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहीं हैं और उन्हें डर हैं कि कहीं ठेकेदारों ने मुंह मोड़ा तो वे कहीं के नहीं रहेंगे।



### वन संरक्षण, वनोपज आधारित आजिविका संवर्धन पर हुई कार्यशाला

# वनों का संरक्षण व अग्नि घटनाओं पर किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बस्तर वन मण्डल द्वारा माचकोट परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पुसपाल में गुरूवार को वन संरक्षण एवं वनोपज आधारित आजीविका संवर्धन हेतु संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों को वनों का संरक्षण के तहत वनों में अग्नि घटनाओं को निरंक रखने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा तैयार किए गए विभागीय केलैण्डर का अतिथि ने विमोचन किया। कार्यक्रम में जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक ने वन सुरक्षा तथा वनों से प्राप्त होने वाले लघु वनोपज के माध्यम से आमदनी बढ़ाने हेतु बताया। इसी तारतम्य में बस्तर के वन मण्डलाधिकारी द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों के साथ सामूहिक प्रयास से वन संरक्षण तथा वन्यप्राणियों सुरक्षा करने पर बल दिया गया। कार्यशाला में वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, भाजपा के संगठन महामंत्री रामश्रय सिंह, जिला पंचायत सदस्य धरमू राम मण्डावी, अन्य जनप्रतिनिधी, वन विभाग से मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर, वन विद्यालय के संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, उप वन मण्डलाधिकारी देवलाल दुग्गा, चित्रकोट के उप वन मण्डलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे, बस्तर के उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बंजारे, माचकोट के प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी अभिनव कुमार, चित्रकोट के परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर, बस्तर के परिक्षेत्र अधिकारी भुनेश्वर सुरोजिया, जगदलपुर के परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, करपावंड के रेंजर सौरभ रजक, बकावंड के रेंजर लछिंदर बघेल एवं अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।





### लोगों का वनों के साथ गहरा नाता : देव

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव द्वारा बस्तर के लोगों का वनों के साथ गहरा नाता होने के संबंध में बताया गया। कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में लाख पालन करने एवं उससे होने वाले लाभ के संबंध में संबोधित किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों को लाख उत्पादन कीट का वितरण किया गया।

# बाल विवाह एक समाजिक कुरीति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम**

- महिलाओं व किशोरियों को कर रहे जागरूक

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई भैरमगढ़, भोपालपटनम के नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं, महिलाओं एवं स्कूल के बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं उसके लिए जागरूकता कार्यक्रम कर जानकारी दिया जा रहा है कि किसी लड़की की उम्र 18 वर्ष, लड़के का उम्र 21 वर्ष होना चाहिए। इससे पहले शादी होती है तो वह बाल विवाह के श्रेणी में आता है। जो कि एक सामाजिक कुरीति है। ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता है। जो कोई भी बच्चा अनाथ, बेसहारा, लावारिस घुमंतु, गुमशुदा, बालश्रम, बाल विवाह अपशिष्ट संग्राहक, सड़क जैसे कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चे मिलते है तो उनकी मदद के लिए निःशुल्क नम्बर पर फोन कर सकते है। इस दौरान नवीन मिश्रा संरक्षण अधिकारी, शीला भारद्वाज महिला संरक्षण अधिकारी, आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, लेखिका साहू जिला समन्वयक यूनिसेफ, राजकुमार निषाद, राजू कश्यप टुमारोज फाउंडेशन बीजापुर से महेन्द्र कश्यप व गजेंद्र ने जानकारी दी।






# अहिंसा उत्सव सप्ताह का समापन समारोह में स्वच्छता दीदीयों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसावादी सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने विगत छः वर्षोंर् से महाराष्ट्र के वर्धा स्थित सेवाग्राम आश्रम में अहिंसा के रास्ते सामाजिक शिविर का आयोजन जारी है जिसके माध्यम से महात्मा गांधी के सिद्धांतों आदशोंर् और अहिंसावादी सोच को निरंतर प्रगति देने कार्य किया जा रहा है। देश भर में अहिंसा उत्सव सप्ताह का आयोजन 25 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक आयोजन देश भर में किए गये। बस्तर संभाग मुख्यालय में भी अहिंसा उत्सव सप्ताह का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के सर्वोदय नेतृत्व संगम टीम युवा कांग्रेस तथा एनएसयूआई के द्वारा किया गया। अहिंसा उत्सव सप्ताह के बस्तर संभागीय संयोजक जावेद खान ने बताया कि आज देश की आजादी के बाद आज कहीं ना कहीं हम ऊंच नीच जाति धर्म नफरत और हिंसा की गुलामी में जकड़ते जा रहे हैं। स्वतंत्रता की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान आत्माओं का अनुसरण हम अपने जीवन में करते रहें इसी उद्देश्य से विगत छः वर्षोंर् से निरंतर महाराष्ट्र के वर्धा जिले के सेवाग्राम गांधी आश्रम में अहिंसा के रास्ते सामाजिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को अहिंसा उत्सव सप्ताह का सम्मान एवं समापन समारोह राजीव भवन में महापौर सफीरा साहू के एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समापन समारोह में नगर निगम की स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा की छात्रा कुमारी पायल कुमावत, द्वितीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करितगांव की छात्रा कुमारी करिश्मा रावणा, तृतीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बीजापुर की छात्रा किश्वार फातिमा तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली बालिका स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा की छात्रा प्राप्ति ठाकुर ने प्राप्त किया। जिन्हें 2100, 1600, 1100 तथा 500 रुपए पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया। आयोजन में भाग लिए उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुशील मौर्य ने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने और उनके बताए हुए रास्तों पर प्रकाश डालने की अति आवश्यकता है। आज के दौर में जहां एक ओर देश की जनता के अंदर नफरत परोसी जा रही है वहीं दूसरी ओर महात्मा गांधी के अहिंसा के रास्ते पर चलने देश के युवाओं को प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह विभिन्न आयोजनों में आगे आने प्रोत्साहित किया। इस दौरान यशवर्धन राव, सतपाल शर्मा, अंगत प्रसाद त्रिपाठी, नीलम कश्यप, विशाल खंबारी, जाहिर हुसैन, असीम सूता, अल्ताफ उल्लाह खान, रंजीत सिंह बख्शी, अंजना नाग, सुशीला बघेल, सायमा अशरफ, विक्रांत सिंह, संदीप दास, सादाब खान, उस्मान रज़ा, अंकित सिंह, अपर्णा बाजपेई, शहनाज बेगम, माही श्रीवास्तव सहित स्कूली बच्चे, नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शोकित परिवारों के प्रति कलेक्टर ने की संवेदना व्यक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम**

- पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जल्द करते हुए परिजनों को शव सुपुर्द करने के दिए निर्देश

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों से मिलकर शोक संतृप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि बीते रात सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु हो गई एवं 10 लोग घायल हैं। घायलों का ईलाज जिला चिकित्सालय बीजापुर में चल रहा है। कलेक्टर पाण्डेय ने घायलों का बेहतर ईलाज करने एवं मृतकों के शव का पोस्टमार्टम जल्दी कर उनके परिजनों को शव सुपुर्दनामा करने के निर्देश सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ यूके ध्रुव को दिए ताकि अंत्येष्टि का कार्य किया जा सके। जिला अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजनों एवं समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से मिलकर घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं शासन द्वारा निर्धारित मुआवजा की राशि में अन्य सहायता हेतु पूरी संवेदना के साथ आवश्यक मदद करने की बात कही।



# पढ़ाई के साथ देश की संस्कृति को संजोकर रखना विद्यार्थी की अहम जिम्मेदारी : लखेश्वर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड**

पढ़ाई के साथ-साथ देश की संस्कृति को संजोकर रखना विद्यार्थी की अहम जिम्मेदारी होनी चाहिए। आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल वीर योद्धा जकरन भतरा महाविद्यालय बकावंड के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर छात्रों ने पुष्प वर्षा कर व बैच लगाकर विधायक समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने व्याख्यान में वीर योद्धा जकरन भतरा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया और कहा कि यह मंच बच्चों के प्रतिभाओं को निखारने का मंच है। यहीं से बच्चे सीखते हैं और आगे बढ़ते हैं।

बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए महान विभूतियों की जीवनी पढ़नी चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने अपने जीवन में कई विकट समस्याओं का सामना करते हुए पूरे प्रदेश एवं ग्रामीण क्षेत्र में सफलता का परचम लहराया है। इन्हीं में से एक हमारे वीर योद्धा जकरन भतरा का जीवन हैं। हमें भी उनके जैसे अच्छे कार्यों के साथ आगे बढ़ते हुए अपना एक नाम बनाना हैं। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखदेई बघेल, सांसद प्रतिनिधि जगमोहन बघेल, मछुआ जिलाध्यक्ष मधु निषाद, एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप, राजेश कुमार, हरदास बघेल एवं प्राचार्य भावेश नेताम समेत समस्त कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट : किरण देव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

- महिला, किसान, युवा, बजट में सभी के लिए प्रावधान

गुरूवार को प्रस्तुत हुए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है। आज के बजट में भारत के सवांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहे है। देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी, निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा, विकसित भारत के सपने को साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हमेशा राज्यों को बड़ी मदद दी है, इस बार भी बजट में राज्यों के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा। भारत देश ने चंद्रमा के दक्षिणी धुरव तक झंडा गाड़ दिया है, मोदी सरकार ऐसे कई और रिकॉर्ड बनाने के लिए संकल्पित है इसलिए रिसर्च के कार्य के लिए भी 1 लाख करोड़ का प्रावधान है। एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली दिए जाने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी वही ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी एक बड़ी तेजी दिखने के साथ गरीबों को अपनी छत मिलने से उनके जीवन का बड़ा सपना साकार होगा।



# अज्ञात कारण से पैरा में लगी आग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार**

ग्राम पंचायत नगरनार के दुर्गा चौक में अज्ञात कारण से धान की पैरा में भीषण आग लगने से लगभग 10 से 15 एकड़ धान का पैरा राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार किसान गोवर्धन बघेल, रामेश्वर कश्यप व गुप्तो कश्यप की पैरा आग की चपेट में आ कर नष्ट हो गई। अफरा तफरी में ग्राम के समीप लगी स्टील प्लांट की अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई जिसके बाद टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। अभी आग के लगने का कारण पता नहीं चल पाया है।



# न राहत, न रियायत, आम जनता की अपेक्षा के विपरीत घोर निराशाजनक बजट: बैज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

केंद्रीय बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पिछले 9 सालों की तरह इस साल का चुनावी बजट भी पूरी तरह से झूठे सपने, जुमले और झांसे का बजट साबित हुआ है। यथार्थ में आम जनता को किसी भी तरह की कोई राहत या वस्तावित रियायत नहीं दी गई है, फिर भी राजकोषीय घाटा अनियंत्रित है। मोदी 2.0 का यह अंतिम बजट देश की अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला बजट है, आयकर की दरों में राहत नहीं मिलने से मध्यम वर्ग भी निराश हुआ है।

उन्होंने कहा कि पुरानी झूठ को एक बार फिर से परोसा गया है कि 7 लाख तक आयकर में छूट रहेगी जबकि हकीकत यह है कि पिछले बजट में ही नए टैक्स रिजीम के तहत केवल 7 लाख के भीतर आय वालों को टैक्स में छूट दी गई ना की बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट बढ़ाया गया है। नए टैक्स रिजिम में किसी भी तरह की कटौती का प्रावधान नहीं है। असलियत यह है कि आयकर के लिए बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट आज भी ढाई लाख ही है पिछले 10 साल से 1 रूपए भी नहीं बढ़ाया गया है। बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट और टैक्स रिबेट में अंतर है, टैक्स रिबेट का लाभ है लिमिट क्रॉस होने पर खत्म हो जाती है जबकि बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट बढ़ाये जाने का लाभ प्रत्येक करदाता को मिलता। मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में जनकल्याणकारी योजनाएं नहीं है खाद सब्सिडी, मनरेगा, एमएसपी की गारंटी, स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार एमएसपी और सामाजिक सुरक्षा के मद में कोई विशेष प्रावधान नहीं है।



### समझाया जा रहा वोटों का महत्व

# शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर मतदाता जागरूकता केंद्र बनाया गया है। जिसमें कार्यालय परिसर में आने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के तहत ईवीएम, वीवीपैट के प्रति आम जनता में जागरूकता लाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर ग्रामीण एवं आमजनों को वोट डालने के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। मतदाता जागरूकता केंद्र में मतदाताओं को वोट देने की प्रक्रिया को बारीकी से समझाकर सिखाया जा रहा है। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाता भी मतदान की प्रक्रिया से जागरूक हो रहे हैं। जिससे पहली बार मतदान में शामिल होने वाले युवा अपनी एक-एक मत का महत्व समझते हुए अपनी सहभागिता दिखाएंगे। मतदाता जागरूकता से ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। एक भी मतदाता मतदान से वंचित न हो, इसके लिए मतदाता सूची में सभी लोगों का नाम शामिल हो, इसे लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### भानबेड़ा स्कूल में आनंद मेले का किया आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** हायर सेकंडरी स्कूल व मिडिल स्कूल भानबेड़ा में संयुक्त रूप स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न स्टाल लगाकर खाने पीने की सामग्री तैयार किया किया। विभिन्न सामग्री तैयार विक्रय किया। इसके मुख्य अतिथि सरपंच जागेश्वर नरेटी ने कहा यह बच्चों के द्वारा स्कूली शिक्षा के साथ प्रेक्टिकल ज्ञान के लिए यह आनंद मेला अच्छा है। प्राचार्य लीनुस मिंज, प्रधानपाठक जेआर तेता ने कहा बच्चों में कार्य कुशलता, व्यवहारिक ज्ञान की दक्षता विकसित करने के लिए यह जरूरी है। मौके पर उप सरपंच रमेश कोर्राम, सूरज नरेटी, पीला बाई यादव, चंद्रशेखर दुर्गे, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पीएम मोदी की गारंटी को लागू किया जाएगा

**भानुप्रतापपुर ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापपुर नरोत्तम सिंह चौहान ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट को साधुवाद देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना को लागू करते हुए बुधवार के हुए कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लेते हुए प्रदेश में इसे लागू किया है । महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के विवाहित महिलाओं को 1000 प्रति माह यानी सालाना 12000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी ,शासन की महत्ती योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो जाएगी।



### फैशन प्रतियोगिता में चंचल ने बाजी मारी



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र के युवाओं ने हर क्षेत्र में अपनी अलग-अलग पहचान बनाई है मॉडल व फैशन ग्लैमर प्रोडक्शन की ओर से रायपुर में राज्य स्तरीय फैशन प्रतियोगिता आयोजित किया गया था इस शो में राज्य के अनेक प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंस नरूला और निशा योगिनी भी शामिल हुए थे। भानु प्रतापपुर के विवेक ट्रेलर्स के संचालक राकेश देवांगन की सुपुत्री चंचल देवांगन ने रायपुर में आयोजित फैशन शो में मिस प्लेयर ऑफ इंडिया 2024 का खिताब हासिल करके अपने नाम व नगर भानु प्रतापपुर का गौरव बढ़ाया है इस चंचल की उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

### फाउंडेशनल लर्निंग ने दिया स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण



**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना क्षेत्र में फाउंडेशनल लर्निंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत दो दिवसीय स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 13 गांव की स्वयं सेवको ने भाग लिया। स्वयं सेवक कक्षा 3 से 5 के बच्चों को सरल गतिविधि के मध्यम से धारा प्रवाह कहानी को पढ़ना, संख्या ज्ञान और चार सांक्रिया जोड़, घटाव, गुणा, भाग आसानी से बना सके। गांव में बच्चों और युवाओं के लिए टैबलेट व डिजिटल सामग्री दी गई। उसकी सही रख रखाव, छोटी समस्याओं को कैसे ठीक किया जाए, इन सबके बारे में बताया गया। आरपीआई का उपयोग कैसे करें, बच्चों को कैसे सिखाए और यूवा आरपीआई में सरकारी योजना फॉर्म, भर्ती फॉर्म कैसे भरे, इसके अलावा और हम गुगल से क्या क्या सीख सकते है, इस पर आए सभी स्वयं सेवकों को ट्रेनिंग दिया गया।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की क्विज स्पर्धा में छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

**प्रतियोगिता के तीन विजेता पुरस्कृत**



ग्राम पंचायत भैसाकन्हार (क) के ग्राम सभा मे स्पर्श कुष्ठ जन जागरूकता अभियान के तहत सरपंच जयंत्री वट्टी एवं भूतपूर्व सरपंच जीवन लाल कांगे द्वारा उद्बोधन एवं शपथ का वाचन कराया गया। इसके बाद उपस्थित समुदाय को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बृजेश ऊके ने बताया कि इस अभियान को राष्टपिता महात्मा गाँधी जी के पुण्यतिथि 30 जनवरी से प्रारंभ किया जाता है इस अभियान की गतिविधियों एवं कुष्ठ रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दिए ततपश्चात शासकीय हाई स्कूल भैसाकन्हार (क) में खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी रत्ना पॉल द्वारा छात्र/छात्राओं को इस एसएलएसी अभियान एवं क्वीज प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दिया गया।इसके बाद क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 35 छात्र/छात्राए ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में प्राप्त करने वाली रोशनी रावटे,द्वितीय स्थान में भूमिका ताम्रकर एवं तृतीय स्थान दीपी बर एवं सांत्वना में कुमारी भूमिका दर्रो को खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी भानुप्रतापपुर रत्ना पॉल एवं प्राचार्य श्रीमति राजकुमारी सलाम के करकमलों द्वारा मोमेंटो शील्ड एवं पेन डायरी एवं सभी प्रतिभागी को पेन प्रदान किया गया।

ब्लॉक लेप्रोसी के प्रभारी एनएमए धृतलहरे ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक सभी ग्राम कस्बों एवं शहरों में चलाया जाना है इस अभियान के तहत जन समुदाय को कुष्ठ रोग के बारे मे जागरूक किया जाना है। कुष्ठ रोग क्या है कैसे फैलता हैं इसके कारण और इलाज के बारे में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से सेक्टर सुपरवाइजर मुकेश श्रीवास,के.बी.दास,लता नरेटी,अंकिता राणा,एवं शाला के शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित हुए।

**कर्मचारी हलचल : नया पे ग्रेड स्वीकृत करने की मांग**

# चार सूत्रीय मांगों पर वन कर्मचारियों की अनिशिचतकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



वन विभाग के कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार से भानुप्रतापपुर में वीर शिवाजी चौक सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। यह हड़ताल पूरे प्रदेश में एक साथ हो रही है। छत्तीसगढ वन कर्मचारी संघ ने बताया कि यह हड़ताल चार सूत्रीय मांगों को लेकर की जा रही है। पहले चरण में बीते माह जनवरी में ज्ञापन दिया गया था, लेकिन मांगों को लेकर शासन ने ध्यान नहीं दिया। यही कारण है कि एक फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया है। इन कर्मचारियों की मांग लघु वनोंपेज संघ द्वारा उप वनक्षेत्रपाल के 180 पद के खिलाफ संविदा भर्ती की प्रक्रिया को रोकने व पूर्ववत पदोन्नत पश्चात उप वनक्षेत्रपालों की सेवा लघु वनोपज संघ में यथावत रखने की है। वन विभाग के कर्मचारी 24 घंटे अपने कर्तव्य का पालन करते हैं, इसलिए वन विभाग के वनरक्षकों को 2400 रुपये, वनपाल को 2800 रुपये, उप वनक्षेत्रपाल को 4200 रुपये का नया ग्रेड-पे स्वीकृत किया जाए। वन विभाग का विभागीय सेटअप विगत पृथक छत्तीसगढ राज्य बनने के बाद से पुनरीक्षित नहीं किया गया है। इससे कार्य क्षेत्र एवं कर्मचारियों की संख्या में बहुत ज्यादा असंतुलन है, जिससे वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। पुनरीक्षित विभागीय सेटअप तत्काल लागू किया जाए।

**प्रमुख मांगें**

लघु वनोपज संघ से वर्ष 2009 में वन कर्मचारी संघ से समझौते के अंतर्गत उप वनक्षेत्रपाल के 180 पद स्वीकृत किये गये थे जिन्हें वर्तमान में विलोपित कर संविदा 180 पद में नयी नियुक्ति की जा रही है, जिससे वनपालों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। अतः 180 पदों की संविदा पर नियुक्तिं तत्काल बंद की जाये। यदि ऐसा नहीं किया गया तो समस्त वन कर्मचारी लघु वनोपज संघ का कोई भी कार्य नहीं करेंगे। वनः विमाग के कर्मचारी 24 घंटे अपने कर्तव्य का पालन करते हैं, इसलिए वन विमाग के वनरक्षकों को 2400.00 वनपाल को 2800:00 उप वनक्षेत्रपाल को 4200.00 का नया ग्रेडपे स्वीकृत किया जावे। वन विमाग का विभागीय सेटअप विगतः 10-15 वर्षों से पूनरीक्षित नहीं किया गयां हैं। जिससे कार्य क्षेत्र एवं कर्मचारियों की संख्या में बहुत ज्यादा असंतुलन है। जिससे वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा प्रभावितः हो रहीं हैं। अतः पुनरीक्षित विभागीय सेटअप तत्काल लागू किया जावे।

# फोर्स के सिविक कार्यक्रम में चिकित्सा जांच हुआ शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राकेश सिन्हा, कमांडेंट 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के आदेशानुसार में सी. ओ. बी. हेतले द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन ग्राम ऐन्हुर में किया गया जिसमे स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को जरूरत के सामान बांटे और चिकित्सा जांच कर उनको बांटी दवाइयां।

इस कार्यक्रम में सी. ओ. बी. हेतले के अंतर्गत आने वाले ग्राम- ऐन्हुर, मन्हाकल ,लोहरी और मंझिकुरुसबोडी के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री जैसे साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया गया । जैसे जैसे सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिन प्रतिदिन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सिविक एक्शन प्रोग्राम किए जा रहे हैं वैसे वैसे लोगों का विश्वास सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ता जा रहा है। सिविक एक्शन के साथ साथ बच्चों को सुरक्षा बल में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया । इस प्रोग्राम में सी ओ बी हेतले के ग्राम ऐन्हुर में डॉ फैज़ अहमद खान, उप कमान्डेंट (एसएमओ) 81वीं वाहिनी सी सु बल, सोमिल वोहरा, (कंपनी कमांडर सी ओ बी हेतले), सुख लाल नुरेटी (सरपंच ग्राम ऐन्हुर), कैन्हयालाल (प्रधानपाठक प्राथमिक शाला मन्हाकल), मैनू राम (प्रधानापाठक प्राथमिक शाला लोहारी), लालसहाय (प्रधानपाठक प्राथमिक शाला मंझिकुरुसबोडी) और सुमीत उसेंडी साथ में स्कूल के बच्चे व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# कई गांवों में पुलिस रेड, अवैध शराब जब्त, कोचिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र में अवैध शराब खूब बिक रही है। विकासखंड के गांव-गांव और नगर में अंग्रेजी शराब एवं कच्ची शराब की बिक्री का गो र ख धं धा चल रहा है। शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग अपेक्षा के अनुरूप गम्भीर नही है।

- शराब की अवैध बिक्री रोकने कठोर कार्रवाई की मांग

**एक ही गांव से तीन लोगों पर कार्रवाई**

कच्चे पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम भुरसापारा कच्चे निवासी 1.नंदूराम गावडे पिता स्व.गरिबा राम गावडे 2.मनीष कावडे पिता बिखराम कावडे 3.धनीराम कोला पिता स्व.साधूराम कोला तीनो अपने घर के बाडी मे अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना महुआ शराब बेच रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्यवाही इस दरम्यान शराब पीने वाले व खरीदने वाले पुलिस को देखकर भाग गये आरोपी मनीष कावडे पिता बिखराम कावडे उम्र 31 वर्ष भुरसापारा कच्चे के पास से कुल 07 लीटर हाथ भट्ठी से बनी हुई कच्ची महुआ शराब कीमती 1605 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये कुल जुमला 1805 रूपये को बरामद किया।

इसी तरह धनीराम कोला पिता स्व. साधुराम कोला उम्र 55 वर्ष भुरसापारा कच्चे के पास से 08 लीटर भरी हुई हाथ भट्ठी से बनी हुई कच्ची महुआ शराब कीमती 1845 रूपये एवं बिक्री रकम 350 रूपये कुल जुमला 2195 रूपये को बरामद किया गया। नंदू राम गावडे पिता स्व.गरिबा राम गावडे उम्र 38 वर्ष भुरसापारा कच्चे के पास से 09 लीटर भरी हुई हाथ भट्ठी से बनी हुई कच्ची महुआ शराब कीमती 2070 रूपये एवं बिक्री रकम 250 रूपये कुल जुमला 2320 रूपये को बरामद कर किया गया।

भानुप्रतापपुर पुलिस ने ग्राम कोटपारा आमाकडा में आरोपी अजय कुमार नरेटी के घर बाड़ी के सामने रोड किनारे मे महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ग्राहकों का तलाश कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर 15 लीटर महुआ शराब कीमती 2100 रूपये बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है।

# सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक का गृह ग्राम में ग्रामीणों ने किया स्वागत

**कांकेर।** सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम मालगांव में सबसे पहले पुलिस विभाग में जाने वाले सिपाही शंभूराम भास्कर जो प्रधान अरक्षक के पद से 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होकर घर लौटे जाने पर मालगांव के ग्रामवासियों ने स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में पदस्थ एसआई राजेश भास्कर के चाचा शंभूराम भास्कर नारायणपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। पुलिस विभाग में 42 वर्ष तक अपनी सेवा देने के बाद 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने पर समस्त ग्रामवासियों द्वारा गांव पहुंचने पर गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने पुलिस में सेवा के अनुभवों को साझा भी किया। शंभूराम भास्कर से मिलने व देखने के लिए लोग घर से बाहर निकले और फूल माला से स्वागत किया। जवान ने भी अपने गृह ग्राम में मिले प्रेम व आदर को हाथ जोड़कर स्वीकार किया। वे समस्त ग्रामवासियों से मिलकर खुश व भावुक नजर आए। यह पहला मौका है, जब सेवानिवृत्त के बाद किसी जवान का इस अंदाज में स्वागत किया गया है।



**भारत माता के जयकारे लगाए**

सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक के साथ चलने वाले सभी वाहनों पर तिरंगा लहरा रहा था और पूरे रास्तेभर भारत माता के जयकारे लगाए गए और गांव पहुंचने पर अपनी माटी के लाल के स्वागत में ग्रामीणों ने पलक-पावड़े बिछा दिए। जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ माला पहनाकर और साफा बांधकर स्वागत किया गया । ग्रामीण बोले कि संभूराम भास्कर हमारे लिए न केवल गर्व की अनुभूति का प्रतीक है, बल्कि प्रेरणा स्रोत भी हैं। उनकी प्रेरणा से आज गांव के कई युवा देश सेवा के लिए पुलिस में जाने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं उन्होंने अपने बेटे को भी देश सेवा के लिए पुलिस में भेजा।

### आत्मानंद विद्यालय में आज से विशेष शिविर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नशा मुक्ति के लिए युवा थीम पर ग्राम दियागांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन आज 2 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य एसडी दास एवं कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार सेवता ने बताया है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्ति के लिए युवा थीम पर 2 से 8 फरवरी तक आयोजित किया गया है। विशेष शिविर के अंतर्गत बौद्धिक एवं विभागीय योजनाओं पर परिचर्चा की जाएगी, जिसमें अलग-अलग दिनों में अलग-अलग विषयों पर बात होगी। प्रमुखरूप से महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व स्वास्थ्य, कृषि विभाग, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य विभागों की परचर्चा की जाएगी।

# पीएम श्री स्कूलों की बेहतरी के लिए कार्ययोजना बनाने की जिम्मेदारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में नवीन उन्नयित पीएमश्री स्कूलों के सुदृढीकरण कार्य एवं विद्यालय के समुचित विकास के लिए समन्वय हेतु जिला स्तर से शिक्षा नोडल अधिकारियों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों को नियमित मानिटरिंग करने एवं विद्यालय की आवश्यकता को ध्यान में रखकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई।

जिले में प्रारंभ हुए नवीन पीएम श्री योजना के विद्यालयों में प्रथम चरण में जिले के 09 प्राथमिक शालाओं का उन्नयन पीएमश्री के रूप में हुआ है जिसमें विकासखंड अंतागढ से प्राथमिक शाला उपरपारा सरण्डी, प्राथमिक शाला अंतागढ, विकासखंड भानुप्रतापपुर से प्राथमिक शाला बोगर, प्राथमिक शाला संजयपारा भानुप्रतापपुर, विकासखंड चारामा से प्राथमिक शाला दरगहन, विकासखंड दुर्गाकोंदल से प्राथमिक शाला कोडेकुर्से, विकासखंड कांकेर से प्राथमिक शाला केंवटिनटोला, विकासखंड नरहरपुर से प्राथमिक शाला बालक सरोना, विकासखंड कोयलीबेडा से प्राथमिक शाला पीव्ही 86 का चयन हुआ है। इन विद्यालयों के सुद्धीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने जिला स्तर के स्कूल शिक्षा विभाग अधिकारियों को विकासखंडवार तैनात किया है, ताकि यह विद्यालय एवं ग्रामीणजन से चर्चा कर विद्यालय के समन्वित विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे।

समग्र शिक्षा के प्रभारी डीएमसी दिनेश नाग द्वारा पीएमश्री अंतागढ़, एपीसी पंकज श्रीवास्तव द्वारा पीएमश्री प्राथमिक शाला उपरपारा सरण्डी अंतागढ, सहायक संचालक प्रकाश सेन द्वारा पीएमश्री प्राथमिक शाला केंवटीनटोला, एपीसी एमन जैन द्वारा पीएमश्री प्राथमिक शाला दरगहन, एपीसी नवनीत पटेल द्वारा पीएमश्री प्राथमिक शाला सरोना में बैठक आयोजित कर विद्यालय के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है।

इन विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ साथ आधुनिक शिक्षा प्रणाली नई शिक्षा नीति के मापदण्डो का ध्यान रखा जाना है। शिक्षकों का प्रशिक्षण, शिक्षक की पदस्थापना, नियमित कक्षाएँ, डिजिटल कक्षाओं का संचालन, इंफस्टक्चर की व्यवस्था, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध, योग शिक्षा, स्वच्छता, ग्रीन स्कूल तैयार करना इन स्कूलों के मानिटरिंग के लिए समावेशी शिक्षा के स्पेशल एजुकेटर एवं बीआरपी को भी मानिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

**संविदा के 180 पदों पर नियुक्ति की मांग**

# वन कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर वेतन पुनरीक्षित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भाजपा सरकार संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में लगे है और साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। ऐसे समय वन कर्मचारी संघ चार माँगो को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर डट गए है।

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रदेश आव्हान पर कांकेर जिला में कलेक्टोरेट मार्ग पर शीतला मंदिर के पास अनिश्चिकालीन हड़ताल पर 1 फरवरी से बैठ गए है। हड़ताल पर बैठे कुछ कर्मचारियों से इस विषय पर बातचीत किया गया तो उनका कहना था कि अभी हम लोग एकत्र हो रहे है, कुछ देर में जानकारी दिया जाएगा। वन कर्मचारी प्रदेश के आव्हान पर हड़ताल पर पहुँचे, उनका कहना था कि यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक हमारी माँग पूरी हो नहीं जाती। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की माँग है कि लघु वनोपज संघ से वर्ष 2009 में वन कर्मचारी संघ से समझौते के अंतर्गत उप वनक्षेत्रपाल के 180 पद स्वीकृत किए गए थे, जिन्हें वर्तमान में विलोपित कर संविदा में 180 पद में नई नियुक्ति की जा रही है, जिससे वनपालों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। संविदा में होने वाली 180 पदों की भर्ती को तत्काल बंद किया जाए, यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो समस्त वन कर्मचारी लघु वनोपज संघ का कोई भी कार्य नहीं करेंगे। वन विभाग केर कर्मचारी 24 घंटे अपने कर्तव्य का पालन करते है, इसलिए वन विभाग के वनरक्षकों को 2400 रूपएं, वनपाल को 2800 रूपएं और उपवनक्षेत्रपाल को 4200 रूपएं का नया ग्रेड पे स्वीकृत किया जाए। वन विभाग का विभागीय सेटअप विगत 10 से 15 वर्षो से पुनरीक्षित नहीं किया गया है, जिससे कार्यक्षेत्र एवं कर्मचारियों की संख्या में बहुत ज्यादा असुतंलन है, जिससे वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। पुनरीक्षित सेटअप तत्काल लागू किया जाए। छग शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा वनरक्षकों का वेतनमान नए सेटअप स्वीकृत किया गया है, जिसे कोषलेखा एवं पेंशन विभाग को पालन करवाने के लिए निर्देशित करने की माँग किया गया है।

